# नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत निकाली रैली

## नशा से होने वाले नुकसान से कराया अवगत....शास. विधि महाविद्यालय में विद्यार्थियों को दिलाई शपथ

छिंदवाड़ा। संवाददाता



नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत जगह जगह जाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है तो वहीं कॉलेजों में विद्यार्थियों को शपथ भी दिलाई जा रही हैं ताकि युवा पीढ़ी नशे से दूर रहे, इसी तारतम्य में गुरुवार को प्रदेश भर में चलाए जा रहे अभियान के तहत अधिकारियों के निर्देशन में शासकीय विधि महाविद्यालय छिंदवाड़ा में प्राचार्य कमलाकर मोटघरे के मारदर्शन पर महाविद्यालय में डॉ. दमयंती कटरे के नेतृत्व में अध्ययनरत छात्र छात्राओं द्वारा रैली के माध्यम से लोगो को जागरूक किया गया एवं सभी को नशे से दूरी बनाए रखने शपथ भी दिलाई गई इस दौरान समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

डॉ. दमयंती कटरे ने विद्यार्थियों को बताया कि नशा अपितु व्यक्ति के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर अत्यधिक तनाव एवं बीमारी पैदा करता है बल्कि नशा का सीधा असर परिवार पर भी पड़ता है जिसके चलते वर्तमान में अनेकों मामले देखने मिल रहे है। एवं नशे से दूरी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करने व नशे से दूरी बनाए रखने की सलाह दी।